Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding rapid growth of Julie Flora (Vilayati Babul) in Rajasthan particularly in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): सम्पूर्ण देश में दशकों पूर्व देश की धरती पर (जूली फ्लोरा) विलायती बबूल के बीजों का हेलीकोप्टर से छिड़काव किया था । आज यह समस्या इतनी बड़ी हो गई है कि राजस्थान के उपजाऊ चारागाह एवं पठारी व पहाड़ियां इस वृक्ष के कारण वांजर ही नहीं बल्कि कांटो भरी हो गई है । इस वृक्ष को बकरियां या पशु भी नहीं खाते । मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) में इसकी बहुतायत इतनी हो गई है कि गांवों के रास्ते भी छोटे हो गये । मैं सदन के माध्यम से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से अपील करना चाहती हूं कि सरकारी अभियान चलाकर विलायती बबूल को नष्ट करके इमारती व पशुओं के खाने योग्य वृक्षों व पौधों के रोपण का काम शीघ्र किया जाए । इस विदेशी बबूल के कांट से कैंसर जैसे रोग ग्रामीण क्षेत्र में फैल रहे हैं । आज इस वृक्ष ने उपजाऊ ओर उपयोगी भूमि का सर्वनाश कर दिया है । शीघ्र ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है ।